**पी.जी.डी.आई.बी.ओ**

# अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय प्रचालन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.आई.बी.ओ)

## सत्रीय कार्य

(आई. बी. ओ-01 से आई. बी. ओ-06 तक)

**2023**

जनवरी 2023 तथा जुलाई 2023 प्रवेश सत्र के लिए

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68**

# पी.जी.डी.आई.बी.ओ

## सत्रीय कार्य —2023

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **( जनवरी 2023 और जुलाई 2023)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जनवरी 2023** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2023** है।

2. जो **जूलाई 2023** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2024** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च, 2023** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर, 2023** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -01** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय परिवेश** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -01/ टी. एम. ए. / 2023** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** (क) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के राजनीतिक और आर्थिक वातावरण को संक्षेप में व्याख्या करें । **(10+ 10)**

(ख) भुगतान संतुलन में असमानता से आपका क्या मतलब है। इसके पीछे क्या कारण हैं? इसे कैसे ठीक किया जा सकता है?

2. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार विवाद के क्षेत्रों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। व्यापार विवादों को निपटाने की विधियों को लाभ और हानियों सहित समझाइए। **(20)**

3. **निम्नलिखित में अंतर कीजिए:** **(4X5)**

(क) पूर्ण लाभ और तुलनात्मक लाभ।

(ख) मध्यस्थता बनाम मुकदमेबाजी ।

(ग) निश्चित और लचीली विनिमय दर।

(घ) चालू खाता और पूंजी खाता ।

4. **निम्नलिखित पर टिप्पणी करें:** **(4X5)**

(क) सभी अनुबंध समझौते हैं लेकिन सभी समझौते अनुबंध नहीं हैं।

(ख) नियो क्लासिकल मॉडल में मुक्त व्यापार न केवल दोनों देशों में सापेक्ष वस्तु मूल्य को बराबर करता है बल्कि सापेक्ष मजदूरी दर को भी बराबर करता है।

(ग) एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार फर्म को विदेशी व्यापार , मौद्रिक और भुगतान संतुलन खाते की निगरानी नहीं करनी चाहिए।

(घ) भारतीय विदेश व्यापार नीति प्रौद्योगिकी के आयात की सुविधा नहीं देती है।

**5.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:** **(4X5)**

(क) ट्रिप्स (TRIPS)

(ख) विश्व व्यापार संगठन (WTO)

(ग) वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR)

(घ) अंतर्राष्ट्रीय विपणन में आचार संहिता

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -02** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय विपणन प्रबंधन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -02/ टी. एम. ए. / 2023** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

1. क) फर्में अंतर्राष्ट्रीय क्यों होती हैं ? भारतीय संदर्भ से उदाहरणों की सहायता से व्याख्या कीजिए। **(10+10)**

   ख) राजनीतिक प्रणाली और आर्थिक कारक अंतर्राष्ट्रीय विपणन को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? उपयुक्त उदाहरण के साथ उत्तर दें।

2. प्रवेश का कौन सा माध्यम है जिसमें अंतरराष्ट्रीय व्यवसायिक फर्म विदेश में किसी भी निवेश के बिना अंतरराष्ट्रीय विपणन शुरू कर सकती है ? व्याख्या करें। इसके गुणों और सीमाओं की भी व्याख्या करें। **(20)**

3. **निम्नलिखित पर संक्षिप्त नोट लिखिए:** **(4X5)**

   (क) टेलीमार्केटिंग

   (ख) गैट्स (GATS)

   (ग) व्यक्तिगत विक्रय

   (घ) अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पैकेजिंग (डिब्बाबंदी)

4. **निम्नलिखित में अंतर कीजिए**: **(4X5)**

   (क) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विक्रय चैनल

   (ख) घरेलू एजेंट और घरेलू व्यापारी

   (ग) घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विपणन संप्रेषण

   (घ) प्राथमिक और माध्यमिक आंकड़े

5. **निम्नलिखित कथनों पर टिप्पणी कीजिए:** **(4X5)**

   (क) अंतर्राष्ट्रीय विपणन अनुसंधान जटिलताओं से भरा है"।

   (ख) कीमत विपणन मिश्रण का एक प्रमुख तत्व है।

   (ग) विदेशी बाजारों के चयन में क़ानूनी स्थितियों का विश्लेषण एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक है।

   (घ) खराब प्रस्तुति पूरे बाजार अनुसंधान अभ्यास को पूर्ववत कर देगी"।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -03** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **भारत का विदेश व्यापार** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -03/ टी. एम. ए. / 2023** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. भारत के विदेश व्यापार की दिशा की व्याख्या कीजिए । भारत के निर्यात क्षेत्र की मुख्य समस्याएँ क्या हैं? **(10+10)**

2. समुद्रीय उत्पाद निर्यात के महत्व पर प्रकाश डालिए । इस क्षेत्र की मुख्य समस्याओं का वर्णन कीजिए। **(10+10)**

3. भारत के निर्यात में विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं की व्याख्या कीजिए । भारत के प्रमुख निर्यात बनने में इनके लाभ और दोषों को संक्षेप में बताइए। **(20)**

4. **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए**: **(10+10)**
   (क इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तु निर्यात के मार्ग
   (ख) भारत पश्चिम एशिया विदेश व्यापार

5. **निम्नलिखित कथनों पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए**: **(4x5)**
   (क) भुगतान शेष का विश्लेषण नीति निर्माताओं के लिए अत्यधिक उपयोगी है।
   (ख) भारत के पास कृषि निर्यात में स्वाभाविक तुलनात्मक लाभ है।
   (ग) भारतीय इंजीनियरिंग उद्योग ने उच्च स्तर की वृद्धि को बनाये रखा है।
   (घ) भारत जापान के साथ सकारात्मक व्यापार शेष का आनंद ले रहा है।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **आई. बी. ओ. -04** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **निर्यात - आयात प्रक्रिया और प्रलेखीकरण** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **आई. बी. ओ. -04/ टी. एम. ए. / 2023** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** (क) "निर्यात प्रलेखन को आमतौर पर विदेशी विपणन का सबसे जटिल और कठिन हिस्सा माना जाता है"। उपर्युक्त कथन के आलोक में निर्यात दस्तावेजों के परिप्रेक्ष्यों की व्याख्या कीजिए। विभिन्न वाणिज्यिक प्रलेखों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **(20)**

**2.** (क दस्तावेजी क्रेडिट व्यवस्था में कई पार्टियां शामिल हैं। उन्हें विस्तार से समझाइए। **(10+10)**

(ख) साख पत्र के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

**3. निम्नलिखित कथनों पर टिप्पणी कीजिए:** **(4X5)**

(क) युद्ध जोखिम हड़ताल के खतरों के समान नहीं है।

(ख) आयात-निर्यात के व्यापार में लोग दस्तावेजों का लेन-देन करते हैं न कि माल का।

(ग) क्रेडिट अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का एक प्रमुख हथियार है लेकिन इसमें जोखिम शामिल है।

(घ) चालू खाता लेनदेन पूंजी खाता लेनदेन के समान हैं।

**4. निम्नलिखित में अंतर कीजिए:** **(4X5)**

(क) कुल नुकसान और विशेष नुकसान।

(ख) ट्रम्प शिपिंग सेवा और लाइनर शिपिंग सेवा।

(ग) यात्रा चार्टर और समय चार्टर।

(घ) घरेलू बिक्री अनुबंध और निर्यात बिक्री अनुबंध।

**5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:** **(4X5)**

(क) पैकिंग क्रेडिट

(ख) एक्ज़िम (EXIM) बैंक की भूमिका

(ग) आयात दस्तावेज

(घ) ISO 9000

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -05** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय विपणन लॉजिस्टिक्स** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -05/ टी. एम. ए. / 2023** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

## सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** (क) विपणन लॉजिस्टिक्स को परिभाषित करें और इसके उद्देश्य की व्याख्या करें । **(10+10)**

(ख) माल रखने का उद्देश्य क्या है ? एक संगठन में निवेश के आकार को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर चर्चा करें ।

**2.** (क) निर्यात-आयात कार्गो के संचलन में भारतीय रेलवे की भूमिका की व्याख्या करें। **(10+10)**

(ख) उत्पादों के भौतिक वितरण के प्रबंधन के लिए प्रासंगिक तीन बुनियादी अवधारणाओं का वर्णन करें।

**3.** **निम्नलिखित पर टिप्पणियां कीजिए :** **(4X5)**

(क) "वितरण, विपणन और उत्पादन को व्यापर में अलग-अलग क्रियाओं के रूप में नहीं देखा जा सकता है, विशेषकर युक्ति स्तर पर।"

(ख) "पिछले तीन दशकों के दौरान बहुप्रतिरूप परिवहन ने तेजी से प्रगति की है।"

(ग) "लाइनर व्यापार केविपरीत, ट्रैम्प व्यापार का सामान लादने और उत्तारने के लिए कोई निश्चित बंदरगाह नहीं होता।"

(घ) "अत्यधिक काम करने वाले बंदरगाह दक्षता और उत्पादकता के न्यूनतम स्तर से ग्रस्त हैं और इसलिए उपयोगकर्ता के दृष्टीकोण से महंगे बंदरगाह बन गए हैं।"

**4.** **निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए** : **(4X5)**

(क) निजी गोदाम और सार्वजनिक गोदाम

(ख) घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स

(ग) जहाज मालिकों का ग्रहणाधिकार और समुद्री ग्रहणाधिकार

(घ) पुनःआर्डर स्तर (आरओएल) और पुनःआर्डर मात्रा (आरओक्यू)

**5.** **निम्नलिखित व्यक्तव्यों की व्याख्या अति संक्षेप में कीजिए** : **(4X5)**

(क) सार्वजनिक गोदाम के लाभ

(ख) विदेशी व्यापार का वातावरण

(ग) हवाई कार्गो टैरिफ

(घ) चयनात्मक स्टॉक नियंत्रण

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -06** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय वित्त** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -06/ टी. एम. ए. / 2023** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

## सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

**1.** यूरो बांड क्या हैं? इसकी विशेषताएं क्या हैं? यह भी बताएं कि GDR का मूल्य निर्धारण कैसे होता है? **(10+10)**

**2.** (क) एक ऋण सिंडिकेट को परिभाषित करें। सिंडिकेशन प्रक्रिया को समझाइए। **(10+10)**
(ख) विभिन्न मुद्रा बाजार प्रपत्र के अर्थ और उद्देश्य की चर्चा कीजिए ?

**3.** 'राजनीतिक जोखिम' क्या है? कंपनियां उनका मूल्यांकन और प्रबंधन कैसे करती हैं? चर्चा कीजिए। **(10+10)**

**4.** (क) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के भारतीय विनियमन पर चर्चा करें। **(20)**
(ख) ब्रेटन वुड्स प्रणाली की प्रमुख कमजोरियाँ क्या थीं जिसके कारण यह 1971 में इसका व्यवधान हो गया?

**5.** इक्विटी की लागत को परिभाषित कीजिए। यदि जोखिम प्रत्यक्षणो में परिवर्तन होता है तो इक्विटी की लागत पर क्या प्रभाव होता है? विदेशी परियोजना के लिए पूंजी की इक्विटी लागत का आकलन कैसे किया जाता है? **(20)**